क्विक हील की सीएसआर पहल

मुंबई। क्विक हील फाउंडेशन ने अपनी सीएसआर पहल के माध्यम से राजस्थान के सिरोही में मूलभूत सुविधाओं से वंचित और आदिवासी समुदाय के लोगों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस मेडिकल वैन, आरोग्य यान प्रदान की। विनोद परसरामपुरिया सेवा फाउंडेशन के सहयोग में, यह वैन सिरोही स्वरूपगंज, नितोदा, रोहिडा और भुला में 3 लाख से ज्यादा लाभार्थियों को अच्छी सेहत और बेहतर स्वास्थ्य का उपहार प्रदान करेंगी। इसमें क्षेत्र में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले 7138 परिवार शामिल हैं।

आरोग्य यान को सौंपने का समारोह क्विक हील फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती अनुपमा काटकर और संगठन मंत्री सेवा भारती- जोधपुर प्रांत श्री स्वरूप दान की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य प्रतिष्ठित हस्तियों में वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक, क्विक हील फाउंडेशन श्री अजय शिर्के, विभाग प्रचारक श्री श्याम सिंह और सिरोही के चीफ मेडिकल हेल्थ ऑफिसर डॉ. राजेश कुमार शामिल थे। क्विक हील टेक्नोलॉजीज फाउंडेशन की चेयरपर्सन और क्विक हील टेक्नोलॉजीज लिमिटेड में चीफ - ऑपरेशनल एक्सिलेंस श्रीमती अनुपमा काटकर ने कहा, क्विक हील की सीएसआर पहल का मूल तत्व स्वास्थ्यरक्षा की सुविधाएं सुलभ कराकर उपेक्षित समुदायों को सशक्त बनाना है। इस तरह हमारे फाउंडेशन के माध्यम से सिरोही की जनजातीय आबादी और गरीबी रेखा से नीचे रह रहे परिवारों के लिए आरोग्य यान प्रदान करना इसी दिशा में कदम है।